# नेशनल जीनियस

## इंस्टीट्यूट, सलोरी प्रयागराज

9 Feb 2024



**Prashant Sir**
Director

Follow us on

# 'O' LEVEL

ADCA DOAP | TALLY | CCC

SHORT HAND | TYPING | PGDCA DCA

**Save this Number**
**9919303047**
For Free Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Mob. : 9369980633 9919303047

Daily Current Affairs Booster

## GK BOOSTER

# DAILY CURRENT AFFAIRS

पता : 145 वी – काटजूबाग कालोनी (निकट बहादुर चाय) चॉदपुर सलोरी, प्रयागराज

## 9 फरवरी का इतिहास

- **1931 :** भारत में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में चित्र समेत डाक टिकट जारी किया गया।
- **1951 :** स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना करने के लिये सूची बनाने का कार्य शुरू किया गया।
- **1971 :** अपोलो 14 मिशन चांद से पृथ्वी पर लौटा।
- **2009 :** सुप्रीम कोर्ट ने ताज और उसके आसपास के अवैध निर्माण पर यूपी सरकार को नोटिस दिया।
- **1760 :** मराठा सेनापति दत्ताजी शिन्दे का निधन हुआ।

## 9 फरवरी से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय सेना में गिरते शारीरिक मानकों और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते प्रसार पर चिंताओं के जवाब में एक व्यापक नई नीति लागू की गई हैं। इस नीति का उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और पूरे बल में मूल्यांकन में एकरूपता सुनिश्चित करना हैं। नई नीति कर्मियों विशेषकर अधिक वजन वाले व्यक्तियों के बीच शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए कड़े उपाय पेश करती है।
- भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य या मराठा मिलिट्री लैंडस्केप को साल 2024-2025 के लिए यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में नामांकित किया जाएगा। महाराष्ट्र में 390 से अधिक किले है, जिनमें से केवल 12 किले भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य के तहत चुने गए हैं। इनमें से आठ किले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित हैं।
- शिक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 2021-2022 में उच्च शिक्षा में छात्रों का नामांकन लगभग 4.33 करोड़ तक पहुंच गया, जो 2014-2015 के बाद से 26.5 प्रतिशत की वृद्धि हैं। जारी उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार 2014-2015 से 341 विश्वविद्यालय ओर विश्वविद्यालय स्तर के संस्थान स्थापित किए गए हैं।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के नए मौसम उपग्रह इनसैट-3DS का परीक्षण और समीक्षा शुरू हो गई हैं। इनसैट-3DS को उन्नत मौसम संबंधी अवलोकन प्रदान करने और मौसम पूर्वानुमान क्षमताओं में सुधार करने के लिए डिज़ाइन किया गया हैं। उपग्रह में मौसम संबंधी अवलोकनों के लिए 6 चैनल इमेजर और 19 चैनल साउंडर हैं।
- ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी जीत के साथ रोहन बोपन्ना ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बन गए। ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल चैंपियनशिप मैच में रोहन बोपन्ना और मैथ्यु एबडेन ने बाजी मारी
- एनडीए में दोबारा शामिल होने के बाद नीतीश कुमार ने बिहार के लगातार नौवें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बिहार की नई सरकार में विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी को दो उपमुख्यमंत्रियों के रूप में नियुक्त किया गया।
- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सौर नीति-2024 का अनावरण किया, जिसके तहत अपनी छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने वाले उपभोक्ताओं को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन दिया जाएगा। सरकार के मुताबिक 2027 तक दिलली की करीब 20 फीसदी बिजली खपत सौर ऊर्जा से होगी। नीति के कार्यान्वयन के लिए सरकार 570 करोड़ रूपये खर्च करेगी।
- सदा तनसीक का पहला संस्करण 29 जनवरी से 10 फरवरी तक राजस्थान में आयोजित किया जा रहा हैं। सदा तनसीक भारत और सऊदी अरब के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास हैं। अभ्यास सदा तनसीक बीकानेर में आयोजित किया जा रहा हैं। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को सीखकर और साझा करके तालमेल बढ़ाना हैं। इसका उद्देश्य दो देशों की सेनाओं के बीच अंतरसंचालनीयता और संयुक्त कौशल को बढ़ाना भी है।
- आरबीआई के कार्य समूह ने राज्य सरकारों द्वारा दी गई गारंटी से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए सिफारिशें की। राज्य सरकारों द्वारा दी गई गारंटी से संबंधित मुद्दों पर सिफारिशें करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जुलाई 2022 को एक कार्य समूह का गठन किया गया था। भुगतान करने और किसी निवेशक/ऋणदाता को उधारकर्ता द्वारा डिफॉल्ट के जोखिम से बचाने के लिए गारंटी राज्य के लिए एक कानूनी दायित्व है।
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा संयुक्त रूप से संचालित इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 जम्मू कश्मीर में उम्र बढ़ने की जनसांख्यिकी का एक व्यापक अवलोकन प्रदान करती है।
- बुर्किना फासो, माली और नाइजर ने पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय से तत्काल बाहर निकलने की घोषणा की है।
- फिल्मफेयर अवॉर्ड्स के 69वें संस्करण में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता।
- जानिक सिनर ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरूष एकल में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में भारतीय नाट्य विद्यालय का 21 दिवसीय भारत रंग महोत्सव कहां आरंभ किया जाएगा ?**

(A) नई दिल्ली (B) मुंबई

(C) मद्रास (D) कोलकाता

**(B)** हाल ही में भारतीय नाट्य विद्यालय का 21 दिवसीय भारत रंग महोत्सव मुंबई में आरंभ किया जाएगा। जो विश्व का सबसे बड़ा नाट्योत्सव होगा। जिसका आयोजन एक से 21 फरवरी के दौरान देश के 15 शहरों में होगा। इस बार भारंगम के लिए देश-विदेश से कुल 822 नाटय प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी।




**2. हाल ही में रूफटॉप पैनल्स लगाने के लिए आरईसी लिमिटेड कितने लाख करोड़ रूपये देगी ?**

(A) 1.20 (B) 1.50

(C) 2.10 (D) 2.40

**(A)** महारत्न बिजली वित कंपनी आरईसी लिमिटेड को महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया हैं। इस पहल का लक्ष्य एक करोड़ घरों में छत पर सौर पैनल स्थापित करना हैं। आरईसी लिमिटेड, सीएमडी विवेक कुमार देवांगन के नेतृत्व में इस बड़े उपक्रम के लिए 1,20,000 करोड़ रूपये तक का ऋण देने के लिए तैयार है।



**3. हाल ही में दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति कौन बने हैं ?**

(A) एलॉन मस्क (B) जेफ बेजोस

(C) बर्नार्ड अरनॉल्ट (D) मुकेश अंबानी

**(C)** हाल ही में दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बर्नार्ड अरनॉल्ट बने हैं। जबकि पिछले कुछ समय से इस पायदान पर टेस्ला और एक्स के मालिक एलन मस्क थे। बर्नार्ड अरनॉल्ट की संपति में 23.6 बिलियन डॉलर की तेजी हो गई है। अब उनकी कुल संपति 207.8 बिलियन डॉलर है।



**4. हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने किस महिला क्रिकेटर को यूपी पुलिस में डीएसपी के पद पर नियुक्त किया है ?**

(A) स्मृति मंधाना (B) दीप्ति शर्मा

(C) हरमनप्रीत कौर (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में टीम इंडिया की महिला हरफनमौला खिलाड़ी दीप्ति शर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस उपाधीक्षक के पद पर नियुक्त किया हैं। उन्हें यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मान और 3 करोड़ रूपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया है। दीप्ति की सफलता की यात्रा आगरा के अवधपुरी के साधारण इलाके से शुरू हुई है।



**5. हाल ही में किस राज्य सरकार ने लघु बाण जाति द्रव्य क्राय योजना शुरू की है ?**

(A) ओडिशा (B) केरल

(C) उत्तर प्रदेश (D) तेलंगाना

**(A)** ओडिशा सरकार ने लघु बाण जाति द्रव्य क्राय योजना शुरू करने की घोषणा की हैं। यह लघु वन उपज के लिए 100% राज्य वित पोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना हैं। इस योजना के तहत, एक प्राथमिक संग्रहकर्ता ओडिशा के जनजातीय विकास सहकारी निगम लिमिटेड के खरीद केंद्रों पर एमएफपी बेच सकेगा। खरीद केंद्रों का प्रबंधन एसएचजी और किसी अन्य अधिसूचित एजेंसियों द्वारा किया जाएगा।




O Level with Prashant Sir



**6. हाल ही में चौथे रूसोमा ऑरेंज फेस्टिवल का आयोजन कहां हुआ है ?**

(A) मिजोरम (B) नागालैंड

(C) मणिपुर (D) तमिलनाडु

**(B)** नागालैंड के कोहिमा जिले में स्थित रूसोमा के सुरम्य गांव में रूसोमा ऑरेंज फेस्टिवल के चौथें संस्करण शुरू होते ही संतरे के जीवंत रंग और साइट्रस की सुगंध ने हवा को भर दिया। लगभग 3400 उपस्थित लोगों के साथ इस वर्ष के कार्यक्रम में सर्वोत्तम जैविक उत्पाद, सामुदायिक भावना और ग्रामीण उद्यमिता का प्रदर्शन किया गया।



**7. हाल ही में किस राज्य में देश में पहली बार लार्फिंग गुल पक्षी को देखा गया है ?**

(A) केरल (B) बिहार

(C) ओडिशा (D) तेलंगाना

**(A)** हाल ही में केरल के कासरगोड जिले के चितारी मुहाने पर देश में पहली बार लार्फिंग गुल पक्षी को देखा गया हैं। यह पक्षी उत्तरी अमेरिका का प्रवासी पक्षी हैं। यह पक्षी, अपनी अनोखी हँसी जैसी आवाजों के लिए जाना जाता हैं। चितारी मुहाने पर कम काली पीठ वाली गल, पतली चोंच वाली गल, भूरे सिर वाली गल, बड़ी कलगी वाली गल, कम कलगीदार टर्न, कैस्पियन टर्न और अन्य पक्षी उपस्थित है।




**8. हाल ही में भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण का नया चेयरमैन किसे नियुक्त किया गया है ?**

(A) रजनीश कुमार (B) पीडी वाघेला

(C) अनिल कुमार (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** रेलवे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और सीईओ अनिल कुमार लाहोटी भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के नए अध्यक्ष बने। 30 सितंबर को पीडी वाघेला के रिटायर होने के बाद चार महीने से यह पद खाली था। अनिल कुमार लाहोटी पद का कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष तक या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो कार्यभारत ग्रहण करेंगे।



**9. हाल ही में बैलिस्टिक मिसाइल चिंताओं के बीच ईरान ने कितनी सैटेलाइट अंतरिक्ष में लॉन्च किए है ?**

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

**(B)** ईरान ने दावा किया कि उसने तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में लॉन्च किया हैं। सरकारी आईआरएनए समाचार एजेंसी ने कहा कि प्रक्षेपण में ईरान के सिमोर्ग रॉकेट का सफल उपयोग शामिल था। यह उसके कार्यक्रम का नवीनतम विकास है, जिसके बारे में पश्चिम का मानना है कि वह अपनी बैलिस्टिक मिसाइलों में सुधार कर रहा हैं।




**10. हाल ही में टाटा ने भारत की पहली प्राइवेट हेलीकॉप्टर असेंबली लाइन स्थापित करने के लिए किसके साथ समझौता किया है ?**

(A) एयरबस (B) बोइंग

(C) लॉकहीड मार्टिन (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में टाटा ने भारत की पहली प्राइवेट हेलीकॉप्टर असेंबली लाइन स्थापित करने के लिए एयरबस के साथ समझौता किया हैं। इस समझौते के तहत दोनों कंपनियां H125 हेलीकॉप्टरों का निर्माण करेगी जो फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की नई दिल्ली यात्रा के दौरान किए गए हैं।

Mob. : 9369980633 9919303047